# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

**Telecom Regulatory Authority of India**

**वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, छठा तल, टावर-एफ, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029**

World Trade Centre, 6th Floor, Tower-F, Nauroji Nagar New Delhi – 110029

**संख्याः 1-04/2026-** मानव संसाधन **दिनांकः 11 मार्च 2026**

**सेवा में,**

**भारत सरकार के सभी मंत्रालय / विभाग,**
**राज्य सरकार/ केंद्र शासित प्रदेश/**
**सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय**
(संलग्न सूची के अनुसारः ई-मेल द्वारा)

**विषयः भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर संयुक्त सलाहकार के पद को भरने के संबंध में।**

महोदय,

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत संसद के द्वारा स्थापित एक सांविधिक निकाय है। भादूविप्रा की स्थापना दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करने और दूरसंचार क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं एवं उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने, दूरसंचार क्षेत्र के उचित एवं व्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने तथा सुनिश्चित करने और इनसे संबंधित प्रासंगिक मामलों के लिए की गई है। वर्ष 2004 से, भादूविप्रा को प्रसारण एवं केबल सेवाओं के विनियमन से जुड़े कार्य का अधिकार भी सौंपा गया है।

2. भादूविप्रा प्रारंभ में तीन वर्षों (या सेवानिवृत्ति तक, जो भी पहले हो) के लिए भादूविप्रा के **क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर संयुक्त सलाहकार** के पदों को भरने हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है। पद के लिए योग्यता एवं अनुभव आदि के विवरण नीचे दिये गये हैः-

| पदनाम | वेतनमान / पे-लेवल | पात्रता की शर्तें | योग्यता |
|---|---|---|---|
| संयुक्त सलाहकार | सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे-मैट्रिक्स में पे-लेवल 13, रुपये 123100-215900 एवं सरकारी नियमों के अनुसार महँगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता और अन्य भत्ते इत्यादि | केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या सांविधिक या स्वायत्त निकायों या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों के अधिकारी, –<br>(क) (i) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हुया है ; या<br>(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स मे स्तर-12 (78800-209200 रू ) या समतुल्य में नियमित आधार पर उस पद पर नियुक्ति के पश्चात उस श्रेणी मे चार वर्ष सेवा की हो<br>(iii) जिन्होने समूह 'क' या समतुल्य में बारह वर्ष से नियमित सेवा की हो, और स्तर-11 या समतुल्य में नियमित आधार पर छह वर्ष से अनधिक के लिए पद धारण किया हो। | जो सुसंगत क्षेत्र में अनुभव रखते हों और जिनके पास निम्नलिखित एक या अधिक शैक्षिक अर्हताएं हो अर्थातः-<br>(i) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, और/या दूरसंचार इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी या कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग मे बेचलर डिग्री; या<br>(ii) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कारबार प्रशासन या अर्थशास्त्र या वाणिज्य या इंजीनियरिंग या विधि या विज्ञान या मानविकी में स्नातकोत्तर या स्नातक डिग्री; या यथास्थिति, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया या इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सदस्यता । |

क्रमशः....पृ/2

**संख्याः 1-04/2026-** मानव संसाधन **दिनांकः 11 मार्च 2026**

3. यह नियुक्ति प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर की जायेगी और यह कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्थापना (पे-।।) दिनांक 17 जून, 2010 और इसमें समय-समय पर किये गये संशोधन के अधीन होंगी। **प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु भादूविप्रा में आवेदन करने की अन्तिम तिथि पर आवेदक की आयु किसी भी तरह 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

4. पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले और संबंधित अनुभव आदि रखने वाले आवेदक केवल **URL: https://vacancies.trai.gov.in** पर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

5. सभी मंत्रालयों / विभागों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सांविधिक एवं स्वायत्त निकायों से पात्र उम्मीदवारों, जिनकी सेवाएं, उनके चयन के मामले में तुरंत प्राधिकरण के अधीन शामिल की जा सकती हैं; की प्रमाणित ऑनलाईन आवेदन-पत्र की हार्ड-कॉपी (जो कि **https://vacancies.trai.gov.in** से डाउनलोड की गई हो) एवं आवेदक के पिछली पाँच वर्षो की ए.सी.आर. / ए.पी.ए.आर. की सत्यापित प्रतिलिपियों और सतर्कता / अनुशासनिक क्लीयरेंस सहित प्रेषित करने का आग्रह किया जाता है। आवेदक द्वारा लिफाफे पर आवेदित पद का नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखकर वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (मानव संसाधन), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, छठा तल, टावर-एफ, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 दिनांक **19 अप्रैल 2026** को यां उससे पहिले प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

6. यदि उपरोक्त हिंदी संस्करण में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो इस मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

भवदीय,

**दुर्गेन्द्र सिंह जादौन)**
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (मानव संसाधन)
दूरभाषः 011-26769-631

प्रतिलिपिः-

1. विशेष कार्याधिकारी, अध्यक्ष, भादूविप्रा का कार्यालय
2. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सदस्य, भादूविप्रा का कार्यालय
3. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सचिव, भादूविप्रा का कार्यालय
4. सभी प्रधान सलाहकार / सलाहकार (मुख्यालय) एवं क्षेत्रीय कार्यालय, भादूविप्रा
5. संयुक्त सलाहकार (आई.टी.) - कृपया इसे भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।
6. निदेशक (सी.एस. प्रभाग), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लोकनायक भवन, नई दिल्ली - कृपया इसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।
7. उप महाप्रबंधक (रोजगार), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली- 110001 - कृपया इसे नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।
8. नोटिस बोर्ड